भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में आयोजित कृषि उन्नति मेला के तहत भा.कृ.अ.प.–केन्द्रीय बकरी अनुसुंधान संस्थान, मखदूम में भी किसानों को जागरूक करने हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 700 स्थानीय बकरी पालक किसानों ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा दिये गये सन्देश ‘भारतीय किसानों की आय दुगनी कैसे हो’ का सम्बोधन का सीधा प्रसारण भी संस्थान द्वारा किसानों को एक बड़े पर्दे पर दिखाया गया। इस अवसर पर बल्देव क्षेत्र के माननीय विधायक श्री पूरन प्रकाश जी एवं गोबर्धन क्षेत्र के माननीय विधायक श्री कारिन्दा सिंह जी ने भी अपने विचार रखे तथा किसानों की आय दुगनी करने हेतु विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर मथुरा जिले के युवा मोर्चा के अध्यक्ष श्री महीपाल सिंह ने भी किसानों के समक्ष अपने विचार रखे। संस्थान के निदेशक डा. मनमोहन सिंह चौहान ने संस्थान द्वारा किए जा रहे शोध कार्यो /प्रयासों को किसानों तक पहुंचाने के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात कही और माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा दिये गये सन्देश ‘किसानों की आय दुगनी कैसे हो के विचार को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु इस दिशा में कारगर कदम उठाने की शुरूआत प्रारम्भ कर दी गई है जिससे कि वर्ष 2022 तक किसानों की आय दुगनी होने का लक्ष्य पूरा हो सके। संस्थान में आयोजित आठ दिवसीय राष्ट्रीय बकरी पालन पर चल रहे 75वें प्रशिक्षण में भाग ले रहे लगभग 100 प्रशिक्षणार्थियों ने भी इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

भारी संख्या में संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों तथा प्रत्येक वर्ग के कर्मचारियों ने माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा दिये सन्देश का सीधा प्रसारण को सुनने हेतु अपनी सहभागिता की। तथा किसानों, वैज्ञानिकों व अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में बड़ी रूचि दिखाई।

कार्यक्रम के उपरान्त संस्थान निदेशक डा. दिनेश कुमार शर्मा एवं डा. यू.बी. चौधरी द्वारा संस्थान में पधारे मुख्य अतिथियों एवं किसानों का आभार व्यक्त किया।